इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2440

26 अप्रैल, 2012 को उत्तर के लिए

चीन को लौह अयस्क और इस्पात का निर्यात

2440 श्री तरूण विजय:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत और चीन में लौह अयस्क और तैयार इस्पात उत्पादन क्षमताएं और वास्तविक उत्पादकता के तुलनात्मक आंकड़े क्या हैं;

(ख) चीन को गत पांच वर्षों में निर्यात किए गए कच्चे लौह अयस्क और इस्पात की वर्ष-वार मात्रा क्या है; और

(ग) गत पांच वर्षों में भारत में इस्पात की मांग और भारतीय उपभोक्ताओं को इस्पात की वास्तविक आपूर्ति तथा इस्पात आयात के आंकड़े क्या हैं ?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क): भारत और चीन में लौह अयस्क एवं तैयार इस्पात की उत्पादन क्षमताओं और वास्तविक उत्पादन के तुलनात्मक आंकड़े निम्नवत हैं:

(मिलियन टन)

	भारत		चीन
	2010-11*	2011-12*	2011*
लौह अयस्क उत्पादन	208.00	127.7 (दिसंबर, 11 तक)	1327
क्रूड स्टील क्षमता	78.00	88.4	850
तैयार इस्पात उत्पादन (बिक्री हेतु)	66.01	70.39	696**

*अनंतिम ** क्रूड स्टील उत्पादन

स्रोत: लौह अयस्क उत्पादन के आंकड़ों के लिए भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), खान मंत्रालय और क्रूड स्टील क्षमता एवं तैयार इस्पात उत्पादन के आंकड़ों के लिए और चीन संबंधी आंकड़ों के लिए संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी), इस्पात मंत्रालय।

जारी/-

(ख): गत 5 वर्षों के दौरान चीन को निर्यात किए गए कच्चे लौह अयस्क और कुल तैयार इस्पात की मात्रा नीचे दी गई है:

(मिलियन टन में)

वर्ष	चीन को निर्यात किया गया लौह अयस्क	चीन को निर्यात किया गया कुल तैयार इस्पात
2007-08	**91.98**	**0.017**
2008-09	**97.84**	**0.029**
2009-10	**109.30**	**0.045**
2010-11	**89.72**	**0.008**
2011-12 (अनंतिम)	**52.47** (फरवरी, 12 तक)	**0.067**

स्रोत: लौह अयस्क निर्यात के आंकड़ों के लिए एमएमटीसी, वाणिज्य विभाग और तैयार इस्पात निर्यात के आंकड़ों के लिए जेपीसी।

(ग): गत 5 वर्षों के दौरान भारत में इस्पात की मांग/वास्तविक खपत, भारतीय उपभोक्ताओं को वास्तविक आपूर्ति तथा इस्पात के आयात के आंकड़े नीचे दिए गए हैं:

वर्ष	कुल तैयार इस्पात (मिलियन टन)		
	मांग/वास्तविक खपत	उपलब्धता/वास्तविक आपूर्ति	आयात
2007-08	**52.12**	**58.03**	**7.03**
2008-09	**52.35**	**58.56**	**5.84**
2009-10	**59.34**	**64.75**	**7.38**
2010-11*	**65.61**	**69.35**	**6.80**
2011-12*	**69.18**	**73.08**	**6.82**

स्रोत: जेपीसी; *=अनंतिम

****